–प्रेस नोट–
जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 09.07.2024

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ जादू–टोना/धोखाधडी कर नगदी व गहने चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री इन्द्रजीत सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 169/2024 धारा 379,420 भादवि का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. शिव सिंह पुत्र निरंजन सिंह निवासी ग्राम भदेक थाना कुठौन जनपद जालौन हाल पता कांशीराम कालोनी विजयनगर थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद, 2. शहजाद पुत्र याकूब निवासी कलंदर कालोनी दिलशाद गार्डन थाना सीमापुरी दिल्ली व 3. मोईन खान पुत्र फिरोज अली निवासी झुग्गी कलंदर कालौनी दुर्गा चौक थाना गुज्जर चौक भलसवा दिल्ली को नावला फ्लाई ओवर के पास नावला जाने वाले मोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 जोडी कानो के पीली धातु के कुण्डल, 01 डिब्बी पीले रंग जिसमें फास्फोरस केमिकल भरा हुआ व घटना में प्रयुक्त 01 मारूती जैन कार नम्बर डीएल 3सीबी एस 5958 बरामद किया गया।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग का सफल अनावरण, 01 हत्याभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री बबलू कुमार थाना नई मण्डी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 302/2024 धारा 103(1),238 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए हत्याभियुक्त रोहित अरोरा पुत्र जगदीश निवासी बसुन्धरा थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को सिंधावली कट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 आलाकत्ल चाकू, 01 फरसे की अग्र भाग, मृतक की स्कूटी व 3,76,000/– रूप्ये नगद बरामद किए गए।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा जहर खुरानी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री विक्रान्त कर्दम मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 259/2024 धारा 379,328 भादवि का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त इरशाद पुत्र तौसीफ निवासी ग्राम खिवाई थाना सरूरपुर जनपद मेरठ को चीतल कट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से1,75,000/– रूप्ये, 01 आधार कार्ड, 01 पास बुक व 01 पैन कार्ड बरामद किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री जोगेन्द्र पाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 258/2024 धारा 376,506 भादवि में वांछित अभियुक्त सलमान पुत्र हाजी मुन्ना निवासी गीतापुरी भूड थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को रोडवेज बस अडडे से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री देवा सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 5902/09/17 मु0अ0सं0 99/2009 धारा 323,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1. नीटू उर्फ मनोज पुत्र लाल सिंह व 2. लाल सिंह पुत्र भरतू निवासीगण जसोला थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को रोडवेज बस अडडे से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना बुढाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव मय हमराहीगण द्वारा अभियक्त सतीश पुत्र सौरन निवासी ग्राम ऊंचागांव थाना कैराना जनपद शामली को ग्राम अलीपुर अटेरना से मदीपुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 20 पव्वे अवैध शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 278/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **थाना बुढाना पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री किशनपाल मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 277/2024 धारा 74,137(1) बीएनएस व 7/8 पोक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्तगण 1. ललित पुत्र कर्मवीर सिंह निवासी तुगाना थाना छपरौली जनपद बागपत, व राहुल पुत्र रोहताश निवासी ग्राम भैसवाल थाना गढी पुख्ता जनपद शामली को गढी सखावतपुर चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 8178/17 मु0अ0सं0 590/2017 धारा 3/4 जुआ अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त आरिफ पुत्र जान मौहम्मद निवासी कमलियान कस्बा व थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर को मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 चोर अभियुक्त चोरी की मोटर साईकिल व अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

दिनांक 09.07.2024 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त आरिफ उर्फ बाडी पुत्र शमशाद निवासी अन्नू मेम्बर वाली गली दक्षिणी खालापार थाना खालापार, मुजफ्फरनगर तहसील के पीछे वाली गली मौ0 गहराबाग हल्का चौकी खालापार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साईकिल व 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 09/2024 धारा 317(5) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।